
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :447 पृष्ठ -4 दिनांक 09 अप्रेल 2025 दिन बुधवार

## सीएम योगी को भेजा हत्या की धमकी देने वाला पत्र, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

## एसपी ने बताया कि पत्र में लिखा था ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आखिरी दिन होगा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हत्या की धमकी का पत्र भेजने वाले कथित आरोपी को सोमवार को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार जलालाबाद क्षेत्र के गुनारा निवासी एक व्यक्ति ने साजिश के तहत अपने गांव के ही दो भाइयों को पुलिस मामले में फंसाने और उनकी जमीन हड़पने की नीयत से मुख्यमंत्री की हत्या की धमकी का पत्र पुलिस अधीक्षक को भेजा था.पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि चार अप्रैल को उनके कार्यालय को एक पंजीकृत पत्र प्राप्त हुआ जिसमें प्रेषक के रूप में आबिद अंसारी का नाम दर्ज था. पत्र में लिखा था, 'आबिद तथा नसीम हम दोनों भाई गुनारा जलालाबाद में रहते हैं.' द्विवेदी ने बताया कि पत्र में लिखा था , "आने वाली 10 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हम दोनों जान से मार देंगे क्योंकि उन्होंने हमारे रिश्तेदार मुख्तार अंसारी तथा अतीक अहमद को मुठभेड़ में मरवा दिया. उनके



बेटों को जेल में डाल दिया इसलिए हम आपको चुनौती दे रहे हैं कि अगर बचा सकते हो तो बचा लो."आरोपी ने पत्र में क्या लिखा एसपी ने बताया कि पत्र में लिखा था, "पाकिस्तान से सब कुछ आ चुका है और हम लोगों ने आईएसआई से प्रशिक्षण प्राप्त किया है और हम उसके एजेंट हैं. दस अप्रैल का दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आखिरी दिन होगा. " पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस पत्र के बाद उन्होंने सदर बाजार थाने में मामला दर्ज कराते हुए टीम बना दीं. उन्होंने कहा कि पुलिस की छानबीन में मामले में संदिग्ध जलालाबाद के गुनारा निवासी अजीम का नाम सामने आया जिसके बाद पुलिस ने आज आरोपी अजीम को हिरासत में लिया. उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी अजीम ने बताया है , "हमने यह पत्र आबिद तथा नसीम के नाम से इसलिए भेजा था ताकि इनको फंसा दें और हम उनकी जमीन पर कब्जा कर लें. हमने इसी उद्देश्य से यह पत्र पुलिस अधीक्षक को भेजा था क्योंकि इसमें हमारे नाम का कहीं जिक्र नहीं था." पुलिस ने आरोपी अजीम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. उन्होंने कहा कि तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी.

## राजधानी में मंदिरों के सौन्दर्यीकरण पर खर्च होंगे 41 करोड़ 92 लाख 34 हजार, सुल्तानपुर में भी विकसित होंगी पर्यटन सुविधाएं

लखनऊ : राजधानी में प्राचीन मंदिरों और धार्मिक स्थलों को विकसित करने के लिए प्रदेश सरकार ने 15 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इस पर पर्यटन विभाग 41 करोड़ 92 लाख रुपये खर्च करेगा। जल्द ही कार्य शुरू कराए जाएंगे। इसमें अलीगंज में रैदास मंदिर के विकास के लिए 464.55 लाख, डालीगंज में मनकामेश्वर मंदिर के लिए 99.13 लाख और आलमनगर के बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में स्थित सीताकुंड के विकास के लिए 231.75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनप्रतिनियों के प्रस्ताव पर 15 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इनमें महाराजा बिजली पासी किले की फसॉड वॉल के निर्माण आदि के लिए 492.79 लाख रूपये, रहीमाबाद मॉल रोड पर स्थित सिद्धपीठ में बाराही देवी मंदिर के लिए 68.24 लाख और सरोजनी नगर में रेतेश्वर महादेव मंदिर के लिए 93.43 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह मलिहाबाद के पंचमुखी हनुमान मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए 99.13 लाख रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। हनुमन्त धाम मंदिर के विकास के लिए 214.76 लाख रूपये, नानक शाही मठ के विकास में 98.59 लाख से कार्य कराए जाएंगे। सरोजनी नगर में सई नदी के तट पर घाट के निर्माण के लिए 199.62 लाख रूपये की परियोजना तथा पर्यटन भवन के उच्चीकरण हेतु 959.385 लाख रूपये की परियोजना स्वीकृत की गयी है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि स्मृतिका वॉर मेमोरियल में लेजर लाइट एण्ड साउण्ड शो के लिए 894.96 लाख रूपये, अ सरोजनीनगर में बुद्ध बिहार के पर्यटन विकास के लिए 75. 10 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें से अधिकांश कार्य उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा कराये जाएंगे और महाराजा बिजली पासी किले के लाइटिंग का कार्य उप्र. प्रोजेक्टस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा।सुल्तानपुर में करीब 03.87 करोड़ रुपए की धनराशि से धार्मिक स्थल समेत अलग–अलग परियोजनाओं के जरिए विकास कार्य किए जाएंगे। जयसिंहपुर स्थित बाबा दूल्हमदास मंदिर के लिए 97.79 लाख रुपए की धन. राशि स्वीकृत हुई है। इसी प्रकार हयातनगर में भगवान शिव मंदिर के लिए 41.64 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि वे साइड ऐमिनीटी का निर्माण भी होगा, इसके निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 22 लाख रुपए, सुखबड़ेरी में सुखदेव मुनि आश्रम के लिए 75 लाख रुपए, श्री साई धाम शिव. राजपुर बल्दीराय मंदिर का 50.17 लाख रुपए स्वीकृत हुआ है।

## यूपीः प्रदेश में एक साथ होगी 44 हजार होमगार्ड की भर्ती

यूपी में एक साथ 44 हजार होमगार्ड की भर्ती की जाएगी। इन 44 हजार में 20 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इसको लेकर नियमावली तैयार हो गई है। प्रदेश में होमगार्ड स्वयंसेवकों के 44 हजार पदों पर भर्ती के लिए नियमावली तैयार कर शासन भेज दी गई है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद होमगार्ड स्वयंस. वकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पहले चरण में करीब 22 हजार होमगार्ड भर्ती किए जाएंगे, जिसमें 20 फीसदी महिलाएं होंगी।बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ माह पूर्व होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती करने की घोषणा की थी। बता दें कि अभी तक होमगार्ड स्वयंस. वकों की भर्ती के लिए कोई नियमावली नहीं थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर होमगार्ड मुख्यालय ने नियमावली तैयार की है, जिसे शासन की मंजूरी के लिए भेजा गया है।इसमें होमगार्ड की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) कराने की सिफारिश की गई है। उन्हें आपदा मित्र बनाने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के नियमों को भी शामिल करने का सुझाव दिया गया है। साथ ही स्वतंत्र भर्ती बोर्ड बनाने की सिफा. रिश भी की गई है। बता दें कि होमगार्ड में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिसकी वजह से जल्द भर्ती होनी है।

## यूपी के बुलंदशहर में 41 बीघा जमीन पर किया गया ध्वस्तीकरण, बसा रहे थे अवैध कॉलोनी

योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बुलंदशहर में भू–माफियाओं पर एक बार फिर सख्त कार्रवाई देखने को मिली. बुलंदशहर–खुर्जा विकास प्राधिकरण ने सिकंदराबाद क्षेत्र में अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलवाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया. इस कार्रवाई के दौरान करीब 41 बीघा जमीन पर कब्जा कर बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों को नेस्तनाबूद कर दिया गया.बुलडोजर की यह कार्रवाई सिकंदराबाद व सिकंद. राबाद–गुलावठी रोड क्षेत्र में की गई, जहां भू–माफिया बिना किसी अनुमति के प्लॉट काटकर जमीन बेचने का काम कर रहे थे. बुलंदशहर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष डॉ. अंकुर लाठर के आदेश पर यह ध्वस. तीकरण अभियान चलाया गया. मौके पर पुलिस और पीएसी बल की भी भारी तैनाती की गई थी ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विरोध से निपटा जा सके. बुलंदशहर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, इन कॉलोनियों को न तो कोई नियोजित अनुमति प्राप्त थी और न ही कोई मानचित्र स्वीकृत कराया गया था. ऐसे में यह स्पष्ट रूप से उत्तर प्रदेश नगरीय नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 का उल्लंघन था.




प्राधिकरण ने पहले ही नोटिस जारी कर इन कॉलोनी संचालकों को चेतावनी दी थी, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर कार. वाई की गई.गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में अवैध निर्माण और भू–माफिया के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया गया है. सीएम योगी कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश में अवैध निर्माण और जमीन कब्जा करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा. इसीलिए प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाकर इस तरह की कॉलोनियों को ध्वस्त किया जा रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार, इन अवैध कॉलोनियों में बिना बुनियादी सुविधाओं के जमीन बेची जा रही थी. न तो सड़कें थीं, न नाली और न ही पानी–बिजली की कोई व्यवस्था. ऐसे में खरीदारों को बाद में भारी नुकसान उठाना पड़ता. अब प्रशासन की कार्रवाई से आमजन में राहत है और भू–माफियाओं में हड़कंप. प्राधिकरण ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्लॉट की खरीद से पहले विकास प्राधिकरण से उसकी वैधता की जांच जरूर कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचा जा सके.इस कार्रवाई को लेकर बुलंदशहर में चर्चा तेज है और लोग प्रशासन की इस सख्ती की सराहना कर रहे हैं. अवैध कब्जों और कॉलोनियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहने की संभावना है.

## लखनऊ 30 अप्रैल तक टैक्स भरने वालों को 10 फीसदी की छूट का ऐलान


लखनऊ नगर निगम के आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को एक ऑनलाइन बैठक में टैक्स विभाग के अधिकारियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए टैक्स वसूली में उनके योगदान की सराहना की. बैठक में नगर निगम के सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, सभी जोनल अधिकारी, टैक्स सुप्रिटेंडेंट्स और इंस. पेक्टर शामिल हुए. आयुक्त ने बताया कि बीते वित्तीय वर्ष में टैक्स वसूली में बड़ी प्रगति हुई है और यह शहरवासियों के सहयोग व अधिकारियों की मेहनत से संभव हो पाया है. उन्होंने कहा नागरिकों ने स्वेच्छा से टैक्स जमा कर निगम पर अपना विश्वास जताया है.नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि 30 अप्रैल तक ऑनलाइन टैक्स भुगतान करने पर नागरिकों को 10: की विशेष छूट दी जा रही है. उन्होंने लखनऊवासियों से अपील की कि इस डिजिटल सुविधा का लाभ लें और घर बैठे टैक्स का भुगतान कर समय व संसाधनों की बचत करें.के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, छाया व पंखे आदि की सुविधा सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्मी में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. जो नागरिक ऑनलाइन भुगतान में असमर्थ हैं, उनके लिए जोनल कार्यालयों में कैश टैक्स जमा करने पर 8: की छूट दी जाएगी. यह सुविधा तकनीक से दूर रहने वाले नागरिकों के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है.इंद्रजीत सिंह ने कहा कि टैक्स से प्राप्त राशि से शहर में सड़कों की मरम्मत, जल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाएं बेहतर की जाएंगी. उन्होंने नागरिकों से समय पर टैक्स जमा करने की अपील की ताकि लखनऊ को एक स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट शहर बनाया जा सके.

### लखनऊ में मंगलवार को हुई योगी कैबिनेट बैठक में कुल 15 में से 13 प्रस्ताव पास

लखनऊ में मंगलवार को हुई योगी कैबिनेट बैठक में कुल 15 में से 13 प्रस्ताव पास हुए हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पीआरडी जवानों का भत्ता बढ़ा दिया है। कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। सरकार ने पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए कर दिया गया है। यानी सरकार ने पीआरडी जवानों के भत्ते में 105 रुपए की बढ़ोत्तरी की है।सरकार के इस फैसले से 34000 पीआरडी जवानों को फायदा मिलेगा। इसके अलावा दिव्यांगों के लिए अयोध्या में सरकार डे केयर स्कूल बनाएगी।

### चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि से बांके बिहारी मंदिर में भक्तों को दो बड़े बदलाव

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि से बांके बिहारी मंदिर में भक्तों को दो बड़े बदलाव मिलेंगे। एक तो ये कि अब से लेकर हरियाली




तीज तक ठाकुर जी के दर्शन फूल बंगले में होंगे। उनके एक बार के बंगले को बनाने के लिए 500 किलो फूलों का प्रयोग किया जाएगा। वहीं गर्मी में बांके बिहारी मंदिर के दर्शन का समय भी बदल गया है। ऋतु के अनुसार, ठाकुर जी की सेवा का विधि–विधान बदल जाता है। वहीं मंदिर दर्शन का समय भी बदल जाता है। अब से बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी के गीष्मकालीन दर्शन का समय सुबह 07:45 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और शाम को 05:30 बजे से रात 9:00 बजे तक होगा।

## लखनऊ में पोस्टर वार, सपा के दफ्तर के सामने लगाया

उत्तर प्रदेश की सियासत में एक बार फिर पोस्टर पॉलिटिक्स ने जोर पकड़ लिया है. राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी (सपा) के दफ्तर के सामने एक ऐसा पोस्टर लगाया गया है, जो सरकार और विपक्ष के बीच की विचारधारा के फर्क को दिखाने का दावा करता है.इस पोस्टर में दो तस्वीरें हैं एक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार को 'भक्षक' बताया गया है और दूसरी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को 'रक्षक' के रूप में पेश किया गया है.पोस्टर के शीर्ष पर लिखा है, "फर्क साफ है. एक आंसू भी हुकूमत के लिए खतरा है३ तुमने देखा नहीं आंखों का समंदर होना भक्षक."पोस्टर में जो पहली तस्वीर है, उसमें अंबेडकरनगर में बुलडोजर कार्रवाई के दौरान की एक बच्ची की फोटो है, जो जलते छप्पर के बीच से अपने स्कूल बैग को सीने से लगाकर भागती नजर आ रही है.दूसरी तस्वीर में अखिलेश यादव उसी बच्ची को स्कूल बैग देते नजर आ रहे हैं. पोस्टर पर लिखा गया है कि अखिलेश यादव ने बच्ची अनन्या को लखनऊ बुलाकर उसे एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी और उसकी पोस्ट ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई का खर्च उठाने का वादा किया.यह पोस्टर अमेठी से सपा कार्यकर्ता जयसिंह प्रताप यादव ने लगवाया है. पोस्टर का उद्देश्य योगी सरकार की कार्यशैली की आलोचना और सपा की 'जनहितैषी' छवि को पेश करना बताया जा रहा है.गौरतलब है कि

अंबेडकरनगर में कुछ दिन पहले अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान कई घरों पर बुलडोजर चला था.अब सपा इस मामले को राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश में है. पोस्टर को लेकर अभी तक प्रशासन की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है, लेकिन यह साफ है कि चुनावी साल में इस तरह के प्रतीकात्मक हमले रा. जनीतिक तापमान को और बढ़ा सकते हैं.वहीं, सपा का दावा है कि उनकी पार्टी हमेशा गरीब, किसान और बच्चों की शिक्षा के पक्ष में रही है. यही वजह है कि अखिलेश यादव ने व्यक्तिगत तौर पर बच्ची की मदद कर 'संवेदनशीलता' की मिसाल पेश की है.

## निवेशकों के डूबे 19 लाख करोड़, सिलेंडर हुआ महंगा, अखिलेश यादव ने सरकार को घेरा



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को भाजपा सरकार को मुद्रा योजना, रसोई गैस सिलेंडर के बढ़े दामों और शेयर मार्केट में मची तबाही आदि मुद्दों पर घेरा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यादव ने लिखा, सिवाय निम्नांकित के भाजपा राज में सब ठीक है रू मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर, उसके विरोधाभासी आँकड़ों से देश में भाजपा सरकार के 33 लाख करोड़ रुपये के घपले–घोटाले की पोल खुल गयी .निवेशकों के 19 लाख करोड़ भस्म हो गये। .रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा हुआ।.पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ गयी। उन्होंने कहा, देश के सर्व प्रधान संसदीय क्षेत्र 'वाराणसी' में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ। कानपुर में अफवाह फैलाकर शांति भंग करने के मामले में भाजपाई और उनके संगी–साथियों पर प्राथमिकी हुई। उप्र में एक नौकरशाह के सत्ता की छत्रछाया में अकूत धन–संपत्ति कमाने की खबर सरेआम हो गयी।"

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पत्नी की कथित प्रताड़ना और धमकियों से परेशान एक युवक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई. पीड़ित ने अपनी पत्नी पर अवैध संबंधों और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि वह मेरठ जैसी घटना दोहराने की धमकी देती है और खेती बेचकर पैसे देने का दबाव बना रही है.मामला गिरवां थाना क्षेत्र के जरर गांव का है. पीड़ित पति का कहना है कि उसकी पत्नी का गांव के ही एक व्यक्ति से प्रेम–प्रसंग चल रहा है और अब वह उसी के साथ मिलकर उसे प्रताड़ित कर रही है. उसने बताया कि पत्नी उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है और कहती है कि अगर उसकी बातें नहीं मानी गईं तो मेरठ जैसी घटना को अंजाम दे देगी. बता दें कि मेरठ कांड में एक महिला ने अपने पति की हत्या कर शव के टुकड़े कर नीले ड्रम में डालकर ऊपर से रेत और सीमेंट का घोल डाल दिया था जिससे यह घटना काफी चर्चा में रही थी.

# हाथरस में महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत: फांसी के फंदे पर लटका मिला शव, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

हाथरस के कोतवाली सिकंद्राराऊ क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। सिकंद्राराऊ के मोहल्ला नौलख में 32 वर्षीय रुबीना का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। रुबीना शान मोहम्मद की पत्नी थी और टीबी से पीड़ित थी। रुबीना के तीन बच्चे थे, जिनमें से एक की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी।बच्चे की मौत के बाद से वह काफी परेशान चल रही थी। जब उनका शव मिला, तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।परिवार वाले बिना पोस्टमार्टम के शव का अंतिम संस्कार करना चाहते थे। हालांकि, मौत की परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना की सूचना मिलते ही रुबीना के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। वह भी डेडबॉडी का अंतिम संस्कार नहीं करना चाहते थे। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। मृतका के परिजनों से पूछताछ की जा रही है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## हाथरस में बढ़ती गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है , जिला अस्पताल के ओपीडी में रोजाना करीब 50 बच्चे डायरिया

हाथरस में बढ़ती गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। जिला अस्पताल के ओपीडी में रोजाना करीब 50 बच्चे डायरिया के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है। गर्मी का प्रकोप सुबह से ही दिखाई दे रहा है।दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर हो रहा है। गर्मी और दूषित खान–पान की वजह से बच्चे उल्टी, दस्त और पेट दर्द से पीड़ित हो रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील अग्रवाल के अनुसार, डायरिया के प्रमुख कारणों में दूषित भोजन, इन्फेक्शन, दवाओं का साइड इफेक्ट और फूड प्वाइजनिंग शामिल हैं।तरल पदार्थों का करें सेवन मरीजों में पेट दर्द, पतले दस्त, बुखार और उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। डॉक्टरों ने बचाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उबला हुआ पानी पीएं। बाहर का या बासी खाना न खाएं। मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करें। तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें। साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें बच्चों को गर्मी से बचाए.डॉ. अग्रवाल ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को गर्मी से बचाएं और दूषित खाने से दूर रखें।

## मोदी जी की सरकार ने 2014 से अब तक कई महत्वपूर्ण कार्य किए

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय हाथरस पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता सक्रीय सदस्य पं अजय रावत मंडल संयोजक आईटी ने  अपने सम्मानित सक्रीय सदस्यों के साथ मे सहभागिता की इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदरणीय श्रीमती शशि सिंह जी कोल इंडिया डायरेक्टर भारत सरकार व श्रीमती अंजुला सिंह माहौर जी सदर विधायक हाथरस प्रदेश मंत्री श्री शरद महेश्वरी जी जिला अध्यक्ष हाथरस  श्रीमती पूनम पांडे जी ब्लॉक प्रमुख श्री विपुल लोहाडिया जी कार्यक्रम संयोजक  प्रदीप शर्मा जी मंडल अध्यक्ष  ठाकुर अनिल जादौन जी पूर्व जिला मंत्री भाजपा पंडित श्री अजय रावत जी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हाथरस विधानसभा के सभी सम्मानित सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने कहा भारतीय जनता पार्टी का पदाधिकारी सक्रिय सदस्य ही बन सकता है हमारी सरकार की नीतियां जनता के हितों के कार्यों में है हमारे यहां जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार चुने जाते हैं इसमें सभी जातियों का चयन होता है भारतीय जनता पार्टी सरकार सबका साथ सबका विकास के एजेंडे पर काम कर रही है मोदी जी की सरकार ने 2014 से अब तक कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं

## कब्जे से चार अवैध तमंचा , पांच जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस व लूटी हुई एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद

हाथरस। 23 मार्च को वादी द्वारा थाना हा. थरस जंक्शन पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि नगला तलफी के पास रोड पर से एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गयी है तथा दिनांक 31मार्च को वादी द्वारा थाना सहपऊ पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि खौंडा रोड पर खडी एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात व्यक्तियो द्वारा चोरी कर ली गयी है व दिनांक 02 अप्रैल को वादी द्वारा थाना सहपऊ पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि बुढाइच बम्बा के पुल के पास खडे एक व्यक्ति से अज्ञात मोटरसाइकिल सवार द्वारा उसका मोबाइल फोन छीन कर ले गये है व दिनांक 02 अप्रैल को वादी द्वारा थाना सहपऊ पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि परसौरा बम्बा के पास खडी एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियो द्वारा चोरी ली गयी है । उक्त घटनाओ के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाथरस जंक्शन व थाना सहपऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये । उक्त घटनाओ का गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजवी नाथ सिन्हा द्वार अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सादाबाद के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन कर लूट की घटनाओं का अनावरण करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा एसओजी, एंटी थेफ्ट स्क्वायड टीम को भी लगाया गया था । टीमों द्वारा घटनाओं के अनावरण हेतु संभावित प्रयास किए जा रहे थे । जिसके क्रम में दिनांक 2 अप्रैल को रात्रि में एंटी थेफ्ट स्क्वायड टीम व थाना सहपऊ पुलिस की संयुक्त कार्यवाही मे उक्त घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले एक बदमाश सूरजपाल को पुलिस मुठभेड के उपरांत गिरफ्तार किया गया था अभियुक्त सूरजपाल से पूछताछ के उपरांत साक्ष्य संकलन से अभियुक्त राजा उर्फ शिवा पुत्र रोहन सिंह व भावेश पुत्र रोहित का नाम प्रकाश मे आया था ।' जिसके उपरांत उक्त अभियुक्तगण वांछित चल रहे थे । उक्त अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा 25,000–25,000/– का इनाम घोषित किया गया था । पुलिस टीमों द्वारा अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था । जिसके क्रम मे पुलिस टीमों को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सहपऊ क्षेत्रांत्रगत मटपुरा गांव की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आ रहे है। उक्त सूचना पर चौकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए एसओजी टीम, एंटी थेफ्ट स्क्वायड टीम व थाना सहपऊ पुलिस की पिहुरा बम्बे के पास दो बदमाश राजा उर्फ शिवा व भावेश से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्तगणों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये है। जिनके नाम पते राजा उर्फ शिवा पुत्र रोहन सिंह रा. जपूत निवासी ग्राम परसौली थाना चंदपा, भावेश पुत्र रोहित निवासी ग्राम मांगरु थाना सादाबाद जनपद हाथरस है। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्तो को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया । जिनके कब्जे से चार अवैध तमंचा 315 बोर, पांच जिंदा कारतूस 315 बोर व दो खोखा कारतूस व लूटी हुई एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सहपऊ पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ के उपरांत अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि उनके द्वारा बीते 10–12 दिनो मे जनपद मे थाना सिकंद्राराऊ,थाना हाथरस जंक्शन,थाना सादाबाद सहित कुल 06 घटनाएं कारित की है । तथा इनके द्वारा दिनांक18मार्चको थाना सूरजकुंड,फरीदाबाद हरियाणा मे शराब विक्रेता के यहाँ भी लूट की घटना कारित की गयी थी ।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार एंटी थेफ्ट स्कवाड टीम मय टीम, प्रभारी एसओजी टीम धीरज गौतम मय टीम , थाना प्रभारी सहपऊ ललित कुमार शर्मा मय टीम थाना सहपऊ जनपद हाथरस है।

## परिषदीय विद्यालय दफ्तरों में रखीं किताबें, छात्रों के बस्ते खाली

हाथरस जिले के 1235 परिषदीय विद्यालयों में करीब 1.10 लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों को सरकार द्वारा निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाती हैं। एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है। सात दिन बीत चुके हैं। विभाग को कक्षा तीन से आठवीं तक के विद्यार्थियों को बांटने के लिए करीब छह लाख 12 हजार किताबें प्राप्त हुई थीं।विभाग ने 31 मार्च को किताबें संबंधित बीआरसी पर भी पहुंचा दी थीं, लेकिन जिले के सिकंदराराऊ, सादाबाद, सहपऊ विकास खंड और नगर क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में अभी किताबें नहीं पहुंची हैं। किताबें दफ्तरों में रखी हैं और विद्यार्थी बिना किताबों के विद्यालय जा रहे हैं।विद्यालयों में किताबें पहुंचाई जा रही हैं। जल्द ही सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को किताबें वितरित करा दी जाएंगी।बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थी बिना किताबों के ही विद्यालय पहुंच रहे हैं। हालांकि विभाग ने इनके लिए किताबों की मांग भेज दी है, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह किताबें कब तक मिलेंगी।प्रमुख तथ्यों पर एक नजर जिले में परिषदीय विद्यालयों की संख्या– 1235 विद्यार्थियों की संख्या– 1.10 लाख (करीब) कक्षा तीन से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए प्राप्त किताबों की संख्या– 6 लाख 12 हजार (करीब)केस 1– सादाबाद के 123 विद्यालयों में किताबें नहीं सादाबाद ब्लॉक में कुल 198 विद्यालय हैं। इनमें से 123 में अभी तक किताबें नहीं पहुंची हैं। इनके विद्यार्थी बिना किताबों के ही विद्यालय जाने के लिए मजबूर हैं। बीईओ पूनम चौधरी का कहना है कि 75 विद्यालयों में 7 अप्रैल को किताबें पहुंचा दी गई हैं। जल्द ही अन्य विद्यालयों में भी किताबें पहुंच जाएंगी।

## सासनी में सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया

सासनी में सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जरैया निवासी सचिन कुशवाह के रूप में हुई है।पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से एक पोस्ट की जानकारी मिली। इस पोस्ट में सचिन कुशवाह ने इंस्टाग्राम पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। यह टिप्पणी सामाजिक सौहार्द और लोक शांति को भंग करने की नीयत से की गई थी।हाथरस के पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने इस मामले में तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने सासनी थाना प्रभारी को कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।थाना प्रभारी शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया।सासनी पुलिस अब आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है। आरोपी सचिन कुशवाह अपने पिता महेश कुशवाह के साथ थाना सासनी क्षेत्र के जरैया में रहता है।

## हाथरस में भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन

हाथरस में भाजपा के जिला कार्यालय पर स्थापना दिवस के मौके पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोल इंडिया की डायरेक्टर शशि सिंह ने किया। सदर विधायक अंजुला माहौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण से हुई।भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि शशि सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने कई चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद मोदी सरकार ने कश्मीर में बारूद की खेती की परंपरा को समाप्त किया।केंद्र सरकार ने जनधन योजना के तहत 2014 से 2024 तक 52 करोड़ से अधिक खाते खोले हैं। उन्होंने सरकार की अन्य उपलब्धियां का भी बखान किया। जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी दल है। यह भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 1974 के आपातकाल का जिक्र करते हुए अटल सरकार की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।कार्यक्रम के संयोजक हरीश सेंगर और विधानसभा क्षेत्र कार्यक्रम संयोजक विपुल लुहाडिया थे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पूनम पांडेय, रामवीर सिंह भैया जी, प्रमोद सेंगर, चेयरमैन मेंडू सचेंद्र कुशवाहा, सत्येंद्र सिंह, रामकुमार माहेश्वरी, रूपेश उपाध्याय, राजेश सिंह गुड्डू समेत काफी पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हाथरस की हसायन नगर पंचायत में सभासदों . ने बजट बैठक से वॉकआउट कर दिया

हाथरस की हसायन नगर पंचायत में सभासदों ने बजट बैठक से वॉकआउट कर दिया और उपस्थिति रजिस्टर पर लिख दिया कि यह बैठक उन्हें मान्य नहीं है। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत के लिपिक बाबूराम और अधिशासी अधिकारी संदीप सारस्वत मनमानी कर रहे हैं।जनता के काम के लिए फोन किया जाए तो वे फोन नहीं उठाते। लोगों को अपने काम के लिए महीनों तक चक्कर काटने पड़ते हैं। सभासदों का यह भी कहना है कि पिछले दो साल से बोर्ड मीटिंग में धोखे से उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं। इस दौरान किसी भी सभासद का एक भी प्रस्ताव पास नहीं हुआ है। अधिकारी अपनी मर्जी से प्रस्ताव पास करते हैं।एजेंडा नहीं उपलब्ध करा रहे अधिकारी आज की बजट बैठक में सभासद कुछ देर के लिए शामिल हुए। जब उन्होंने कुछ सवाल पूछे तो अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। बैठक का एजेंडा भी नहीं दिया गया। सभासदों ने चेतावनी दी है कि जब तक बैठक का एजेंडा नहीं दिया जाएगा, वे किसी भी बजट बैठक को स्वीकार नहीं करेंगे।

## मोदी जी की सरकार ने 2014 से अब तक कई महत्वपूर्ण कार्य किए



भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय हाथरस पर सक्रिय सदस्य सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता सक्रीय सदस्य पं अजय रावत मंडल संयोजक आईटी ने  अपने सम्मानित सक्रीय सदस्यों के साथ मे सहभागिता की इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदरणीय श्रीमती शशि सिंह जी कोल इंडिया डायरेक्टर भारत सरकार व श्रीमती अंजुला सिंह माहौर जी सदर विधायक हाथरस प्रदेश मंत्री श्री शरद महेश्वरी जी जिला अध्यक्ष हाथरस  श्रीमती पूनम पांडे जी ब्लॉक प्रमुख श्री विपुल लो. हाडिया जी कार्यक्रम संयोजक  प्रदीप शर्मा जी मंडल अध्यक्ष  ठाकुर अनिल जादौन जी पूर्व जिला मंत्री भाजपा पंडित श्री अजय रावत जी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हाथरस विधानसभा के सभी सम्मानित सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने कहा भारतीय जनता पार्टी का पदाधिकारी सक्रिय सदस्य ही बन सकता है हमारी सरकार की नीतियां जनता के हितों के कार्यों में है हमारे यहां जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार चुने जाते हैं इसमें सभी जातियों का चयन होता है भारतीय जनता पार्टी सरकार सबका साथ सबका विकास के एजेंडे पर काम कर रही है मोदी जी की सरकार ने 2014 से अब तक कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं




**पीड़ित ध्यान दें**

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की

अलीगढ़ : मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना के तहत हुए नुकसान की भरपाई के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा ग्राम सिखरना के कृषक गोपाल को 27300 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और खेतों में कार्य करने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना से कोई पात्र लाभार्थी वंचित न रहे और समयबद्ध तरीके से प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मण्डी सचिव रामकुमार यादव समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों को पेंशन योजनाओं में अब एकाउंट बेस्ड पेमेंट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से होगा भुगतान

अलीगढ़ जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रोहित कुमार ने जिले के सभी दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन की धनराशि का भुगतान एकाउंट बेस्ड पेमेंट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से किया जाएगा। दिव्यांगजनों को पेंशन की धनराशि आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते में DBT NPCI [National Payment Corporation Of India] Mapper की प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन एनपीसीआई मैपिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए दिव्यांगजन अपनी बैंक पासबुक, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल के साथ अपनी में बैंक शाखा में जाकर 15 अप्रैल तक एनपीसीआई मैपिंग करा लें। उन्होंने बताया कि जिन दिव्यांगजनों को माह मार्च 2025 में पेंशन की धनराशि प्राप्त नहीं हुई है वह अपना आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक लेकर किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय कमरा नं0 08 में उपस्थित होकर पेंशन में आधार प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिव्यांग पेंशन में आधार प्रमाणीकरण एवं बैंक में एनपीसीआई मैपिंग नहीं कराया जाता है तो निदेशालय स्तर से आगामी दिव्यांग पेंशन की धनराशि बैंक खाते में अंतरित नहीं की जाएगी। उन्होंने नये आवेदकों को स्पष्ट किया कि वर्ष 2025–26 में किए जा रहे नवीन आवेदनों में एनपीसीआई मैप्ड खातों को ही संलग्न करना सुनिश्चित करें।

## शिक्षा प्लस कार्यक्रम के तहत प्रौढ़ नव साक्षर शिक्षार्थियों का सम्मान सह प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अलीगढ़ |उड़ान सोसायटी द्वारा शिव नाडर फाउंडेशन के सहयोग से जवां विकास खंड में संचालित शिक्षा प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर होने वाले नवसाक्षर व्यक्तियों के लिये जवां विकास खंड सभागार में सम्मान व प्रमाण पत्र के वितरण का कार्यक्रम किया गया |इस कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख हरेन्द्र सिंह एवं शिक्षा प्लस कार्यक्रम के प्रा.जेक्ट हैड विजय आनंद वर्मा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया |इस अवसर पर उन्होने कहा कि उड़ान सोसाइटी द्वारा संच.ालित यह कार्यक्रम जवां विकास खंड के लिये एक अभिनव कार्यक्रम हैं जिसके माध्यम से यहाँ के नगौला,साथा एवं तालिबनगर सहित तीन ग्राम पंचायतों को पूर्ण साक्षर करने में मदद मिलेगी |उन्होने कहा कि यहाँ से शिक्षा प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को इससे आगे जाकर भी अपनी पढ़ाई जारी रखनी चाहिए |शिक्षा प्लस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट हैड विजय आनंद वर्मा ने कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि शिव नाडर फाउंडेशन के सहयोग से चलने वाले इस कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अब तक लगभग डेढ़ लाख लोगों को साक्षर किया जा चुका है और अलीगढ़ में भी इस वर्ष उनका लक्ष्य 3000 लोगों को साक्षर करने का है |इसके अलावा शिव नाडर फाउंडेशन अलीगढ़ जिला जेल में भी साक्षरता का कार्य चला रही है |इससे पूर्व साथा,नगौला एवं तालिब नगर से आए हुए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला |कार्यक्रम में पधारे शिक्षार्थियों में ग्राम नगौला की सुनीता ने अपने अनुभवों के साझा करते हुए बताया कि वो परिवार की परिस्थिति के कारण बचपन में पढ़ न सकीं लेकिन इस कार्यक्रम के माध्यम से वो अपने आप को पढ़ लिख कर सशक्त महसूस कर रहीं है |कार्यक्रम को एडीओ पंचायत दिग्विजय सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त मुद्‌गल,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तालिबनगर धर्मेंद्र सिंह,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साथा विनोद सिंह ने भी संबोधित किया |वहीं उड़ान सोसाइटी के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया |कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नासिर अली खान,डॉली हंस,कुलदीप कुमार,रजिया खान,रोहित शर्मा,ललित कुमार,दिनेश कुमार,नीतू वर्मा,रूपाली गोस्वामी सहित शिक्षा प्लस कार्यक्रम के समस्त जन शिक्षक शामिल हुए और इस कार्यक्रम का संचालन स्त्रोत समन्वयक राकेश कुमार ने किया।






## डीएम ने 18 नवीन एम्बुलेंस को झंडी दिखाकर जनता को किया समर्पित



अलीगढ़ जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा 18 नवीन एम्बुलेंस को कलैक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर जनसामान्य को समर्पित करते हुए रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह नवीन एम्बुलेंस आधुनिक चि.कत्सीय सुविधाओं से युक्त हैं और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित सहायता पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि एम्बुलेंस सेवाओं का संचालन समयबद्ध, पारदर्शी व जनहितकारी रूप से किया जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने कहा कि जिला स्वास्थ्य विभाग आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। जिले में 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवा की 18 नई एम्बुलेंस प्राप्त हुई हैं। यह सभी एम्बुलेंस उन वाहनों के स्थान पर उपलब्ध कराई गई हैं, जिनकी निर्धारित सेवा अवधि पूरी हो चुकी है। मंगलवार को जिलाधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर जनसामान्य की सेवा में समर्पित किया गया है। सीएमओ ने कहा कि नई एंबुलेंस की उपलब्धता से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और आमजन को शीघ्र, सुलभ और प्रभावी सहायता प्राप्त हो सकेगी। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर, सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार, 102 एंबुलेंस सेवा के क्षेत्रीय प्रबंधक नेहाल राजा, प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद अरशद, ईएमई हिरदेश कुमार, प्रेमपाल सिंह उपस्थित रहे।

## पार्क में खराब निर्माण देखकर नगर आयुक्त का चढ़ा पारा–जे0ई0 को थमायी प्रतिकूल प्रवृष्ठि ठेकेदार को लगायी फटकार

जनसुनवाई में निर्माण व सफाई की शिकयतों पर प्रभावी कार्यवाही के क्रम में नगर आयुक्त ने वार्ड–43 में निर्माण व सफाई व्यवस्था का लिया जायजा संभव जनसुनवाई में आयी 07 शिकायत–नगर आयुक्त की पहल लायी रंग पंचनगरी पोखर की सफाई ने पकड़ी रफ्तार–200 टन क्षमता की पोकलैण्ड मशीन से नगर निगम करा रहा सफाईपंचनगरी क्षेत्र में सफाई की खराब हालत देख नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से पूछा सवाल "क्या देखते हो आप सफाई व्यवस्था नालियॉ भरी हुयी है सफाई कितने दिन पहले हुयी"–एसएफआई की जमकर लगायी क्लासमानक अनुरूप निर्माण कार्य पूर्ण होने तक जेई को मौके पर रहने की हिदायत–एसएफआई को भी पंचनगरी पोखर पर कार्य पूर्ण होने तक मौके पर मुस्तैद रहने की हिदायत मंगलवार जनसुनवाई में शिकायतकर्ताओं द्वारा निर्माण व सफाई व्यवस्था से सम्बन्धित शिकायतों का संज्ञान लेते हुये नगर आयुक्त विनोद कुमार ने मुख्य अभियंता सुरेश चंद के साथ जनसुनवाई के पश्चात् वार्ड–43 में सफाई व निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम द्वारा 200 टन क्षमता वाली पो.कलेण्ड मशीन से पंचनगरी पोखर की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर होता मिला लेकिन नगर आयुक्त के पहुँचने के बाद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार के पहुँचने पर नगर आयुक्त ने विलम्भ की वजह पूछी नगर आयुक्त ने पंचनगरी वार्ड–43 की गलियों में पैदल चलकर नालियों में गदंगी और सफाई नहीं होने पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी और एसएफआई बिशन सिंह पर नाराजगी जतायी। नगर आयुक्त ने दो टूक शब्दो में नगर स्वास्थ्य अधिकारी और एसएफआई बिशन सिंह को अगले 24 घंटे में इस क्षेत्र की सभी नालियों की सफाई कराने, नाला सफाई में बाधक स्लैब को तुड़वाने के साथ साथ अतिरिक्त पोकलेण्ड मशीन मंगवाकर पोखर की सफाई को तेजी से पूरा करने के लिये कहा पंचनगरी पार्क में लगभग 7.37 हजार की लागत से नगर निगम द्वारा कराये जा रहें पार्क सौन्दर्यकरण निर्माण कार्य में खराब टाइल्स फिटिंग की फि.निशिंग न होने पर नगर आयुक्त ने सम्बन्धित जे0ई0गिरीश कुमार सागर की लापरवाही मानते हुये तत्काल प्रतिकूल प्रवृष्ठि देने के निर्देश दिये। मौके पर पार्क में नगर आयुक्त को सम्बन्धित ठेकेदार अवधेश कुमार द्वारा मात्र 4 लेबर से



टाइल्स आदि फिटिंग कार्य होता मिला मौके पर टाइल्स फिटिंग में गैप देखकर नगर आयुक्त ने जेई गिरीश कुमार सागर व ठेकेदार से पूछा "क्या अपने घर में भी इसी तरह टाइल्स लगवाते हो, सरकारी काम में घोर लापरवाही बरत रहें है उन्होनें सम्बन्धित ठेकेदार को अगले तीन दिन में सभी निर्माण कार्य को मानक व गुणवत्ता के अनुसार पूर्ण करने के लिये कहा और यह भी कहा अगर निर्माण कार्य मानक अनुसार नहीं पाया जाता है तो उक्त कार्य श्रमदान की कैटेगरी में माना जायेगा और कोई भुगतान नहीं किया जायेगा |संभव संतुष्टि एवं समृद्धि के तहत जनसुनवाई में वीरेंद्र कुमार ने लाइट लगवाने के संबंध में शुभम चौधरी ने लाइट ठीक करने के संबंध में तैयब ने सड़क बनवाने के संबंध में संजय कुमार ने लाइट ठीक कराने के संबंध में चंद्रवती ने नाली की सफाई करने के संबंध में कश्मीरी ने सड़क निर्माण के संबंध में किशोर नगर निवासीगणों ने पार्क की सफाई करने के संबंध मे समस्या बतायीनगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा कि सफाई और निर्माण कार्य मूलभूत सुविधाओं में से एक है जनसुनवाई में भी इन दोनो व्ययवस्थाओं के सम्बन्ध में अधिकांश नागरिकों द्वारा समस्याए बतायी जा रही है इसके क्रम में आज वार्ड–43 में साफ सफाई और निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। इन दोनों व्यवस्थाओं पर लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ये रहे मौजूद मुख्य अभियंता सुरेश चंद, स्टेनो देश दीपक मीडिया सहायक अहसान रब साथ थे।

## यू.पी में फिर चली तबादला एक्सप्रेस, दो इंस्पेक्टर और 6 दारोगाओं का ट्रांसफर

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एसएसपी संजीव सुमन ने दो इंस्पेक्टर और छह दारोगा के चौकी–थाने बदले हैं। मंगलवार से ही उनको तैनात होने का आदेश दिया है |पुलिस विभाग के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक दुष्यंत तिवारी को थाना खैर थाने में तैनाती दी है। वहीं थाना इगलास में तैनात निरीक्षक मनोज कुमार को गोंडा थाने का प्रभारी बनाया है। दरोगा अनिल कुमार को डायल 112 से इगलास थाने के गोरई चौकी का प्रभारी बनाया है |गांधी पार्क थाने में तैनात महिला एसआई नीतू वर्मा को इसी थाने की चौकी नौरंगाबाद का प्रभारी बनाया है। छर्रा थाना में तैनात एसआई मनोज कुमार शर्मा को हरदुआगंज कस्बा चौकी प्रभारी बनाया है। गौंडा थाने में तैनात एसआई रामब्रेश को सिविल लाइन की चौकी अतरौली गेट का प्रभारी बनाया है |इगलास थाने में तैनात सुशील यादव को इसी थाने की तोछीगढ़ का प्रभारी बनाया है। सिविल लाइन की जेल चौकी में तैनात एसआई अशोक कुमार को महुआखेड़ा थाने के ओजोन सिटी चौकी का प्रभारी बनाया है |वहीं फतेहपुर जिले के पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने रविवार देर रात ड्यूटी से गैरहाजिर होने पर पीआरवी के मुख्य आरक्षी समेत छह पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मीडिया सेल प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया पीआरवी 1152 के मुख्य आरक्षी राजनारायण व आरक्षी नरेंद्र कुमार कैथवास को ड्यूटी से गैर जाहिर होने पर निलंबित किया गया है |इसी प्रकार पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी विजय यादव, कल्याणपुर थाने में तैनात मुख्य आरक्षी लोक दीप पांडेय, हथगांव थामें तैनात आरक्षी भृगु शरण दुबे व चांदपुर थाने में तैनात महिला आरक्षी मनीषा कुमारी को निलंबित किया गया है।






### एएमयू सिटी स्कूल में 1.28 करोड़ की स्टांप चोरीरूरजिस्ट्री के समय एक सड़क छिपाई, एडीएम सिटी की जांच में हुआ खुलासा

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सिटी स्कूल में स्टांप चोरी का मामला सामने आया है। प्रशासन से हुई शिकायत के बाद इस मामले की जांच की गई, जिसमें सामने आया है कि कैंपस के पास की एक सड़क को छिपाकर रजिस्ट्री कराई गई है और रजिस्ट्री में स्टांप चोरी की गई है।

## पुराने विवाद में चली गोलियां, 2 बच्चे घायल अलीगढ़ के इगलास थाना क्षेत्र का मामला, दो पक्षों के बीच चली आ रही पुरानी रंजिश

हंगी किताबें खरीदने का दबाव डाला तो स्कूलों पर होगी कार्रवाई रू बीएसए

अलीगढ़ के बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) डॉ. राकेश कुमार सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी स्कूल अभिभावकों पर महंगी कॉपी–किताबें या स्टेशनरी खरीदने का दबाव नहीं बना सकता। ऐसा करने पर स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई होगी। बीएसए ने कहा कि स्कूल केवल एनसी.ईआरटी की किताबें ही पढ़ाएं और किसी भी निर्धारित दुकान से किताबें लेने के लिए अभिभावकों को बाध्य न करें। साथ ही किताबों की खरीद पर बिल देना अनिवार्य होगा। विद्यालय परिसर में किताबें, ड्रेस और स्टेशनरी बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित है। स्कूल केवल मान्यता के नियमों के अनुसार ही फीस ले सकते हैं।

# कासगंज के दिव्यांगजन अधिकारी निलंबित शासकीय धन का दुरुपयोग और अनियमितताओं का मामला, संस्था ब्लैकलिस्टेड

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

कासगंज में शासकीय धन के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। जिलाधिकारी मेधा रुपम ने जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार को निलंबित कर दिया है। राकेश कुमार तत्कालीन प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी भी थे।इस मामले में स्वैच्छिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन को आजीवन ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। संस्था के प्रबंधक सचिन नेमसिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। नेमसिंह वर्तमान में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। उनके खिलाफ सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन के लिए विभागीय कार्रवाई की जा रही है।जांच में पता चला कि मानसिक रूप से रुग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए चल रहे आश्रय गृह




में कई गंभीर अनियमितताएं थीं। केंद्र में 25 पंजीकृत बच्चों के स्थान पर केवल 16 बच्चे मिले। इसी तरह 11 कर्मचारियों की जगह मात्र 8 कर्मचारी मौजूद थे।

उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की जांच में केंद्र की स्थिति चिंताजनक पाई गई। वहां न तो दवाइयां उपलब्ध थीं और न ही साफ–सफाई का ध्यान रखा जा रहा था। अभिलेखों की प्रविष्टियां भी संदिग्ध पाई गईं। जिलाधिकारी ने पहले ही राकेश कुमार को इस संस्था का प्रस्ताव शासन को न भेजने के निर्देश दिए थे। बार–बार की जांच में केंद्र में और भी कई अनियमितताएं सामने आईं।

# कासगंज में ई–रिक्शा चालकों ने अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

कासगंज में ई–रिक्शा चालकों ने अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। सामा. जिक कार्यकर्ता अब्दुल हफीज गांधी के नेतृत्व में चालकों ने अपंजीकृत ई–रिक्शा की जब्ती पर रोक लगाने की मांग की है।ई–रिक्शा चालक 70–80 हजार रुपये की किश्तों में वाहन चला रहे हैं। प्रशासन द्वारा वाहन जब्त करने से उनकी आजी. विका प्रभावित हो रही है। वे न तो किश्तें चुका पा रहे हैं और न ही परिवार का भरण–पोषण कर पा रहे हैं।अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि सरकार को चालकों को पंजीकरण के लिए पर्याप्त समय देना चाहिए। उन्होंने विशेष पंजीकरण योजना और सब्सिडी की मांग की है। इससे गरीब चालक कानूनी रूप से पंजीकृत होकर



आत्मनिर्भर बन सकेंगे।ज्ञापन में चार प्रमुख मांगें की गई हैं। पहली, अपंजीकृत ई–रिक्शा की जब्ती तुरंत रोकी जाए। दूसरी, पंजीकरण के लिए 1–2 वर्ष का समय दिया जाए। तीसरी, पहले से चल रहे ई–रिक्शा के पंजीकरण की विशेष व्यवस्था की जाए। चौथी, आर्थिक रूप से कमजोर चालकों को सब्सिडी और सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जाए। सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रशासन से गरीब परिवारों की आजीविका का ध्यान रखते हुए संवेदनशील निर्णय लेने की अपील की है।

# एटा जिले के निधौली कलां थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई

एटा जिले के निधौली कलां थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। नगला दुल्हा गांव के बाहर एक 19 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान अंकुश के रूप में हुई है, जो कमल सिंह का पुत्र था।सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा और तुरंत निधौली कलां थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।मृतक के पिता कमल सिंह के अनुसार, अंकुश रात को घर पर सो रहा था। सीओ जलेसर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक दो दिन पहले ही दिल्ली से लौटा था। घर में हुई कहासुनी के बाद क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया।प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

# एटा में मानसिक विक्षिप्त की मौत हाईवे के रेस्ट एरिया में मिला शव, पहचान के लिए आसपास के थानों में भेजी सूचना

एटा जिले में मलावन के सेंथरी चौकी के पास हाईवे स्थित रेस्ट एरिया में एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मलावन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।थाना प्रभारी मलावन रोहित राठी ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वह होटलों और ढाबों पर भीख मांगकर खाना खाता था। मृतक को मृत्यु से एक दिन पहले रात में भी ढाबों के आसपास घूमते देखा गया था। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों में सूचना भेज दी है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ में जुटी है।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अलीगढ़ शादी में होगें शामिल

कासगंज **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

कासगंज की पूर्व विधायक की बेटी और सहावर नगर पंचायत की अध्यक्ष व लखनऊ हाईकोर्ट अधिवक्ता नाशी खान की शादी आईएएस अधिकारी मो. समीर से हो रही है।सपा मुखिया व सांसद अखिलेश यादव 11 अप्रैल को अलीगढ़ में रहेंगे। वह कासगंज की पूर्व विधायक नजीबा खान जीनत की बेटी की शादी में शामिल होंगे। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष वर–वधू को आशीर्वाद देंगे।वक्फ बिल का विरोध और आरएसएस प्रमुख के आगमन को लेकर पहले ही रा. जनीतिक गलियारों में हलचल है। वहीं 11 अप्रैल के समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगमन को लेकर सरगर्मी बढ़ने की आशंका जाहिर की जा रही है। वैसे तो वह एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे है। 11 अप्रैल को वह सुबह करीब साढ़े 10 बजे



धनीपुर हवाई पट्टी पर पहुंचेंगे। वहां से 11. 15 मिनट पर रामघाट रोड तालानगरी स्थित गोल्डन स्टोन रिसार्ट में पहुंचेंगे। यहां पर वह वर–वधु नाशी खान व मो. समीर इस्लाम को आशीर्वाद देंगे। कासगंज की पूर्व विधायक की बेटी और सहावर नगर पंचायत की अध्यक्ष व लखनऊ हा. ईकोर्ट अधिवक्ता नाशी खान की शादी आईएएस अधिकारी मो. समीर से हो रही है। वर्तमान में मो. समीर रक्षा मंत्रालय में तैनात है। जिला महासचिव मनोज यादव ने बताया कि 11 अप्रैल को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अलीगढ़ शादी में शामिल होने आ रहे हैं। जिसका कार्यक्रम जारी हो चुका है।

# कासगंज में हैवानियत का शिकार होने से बची किशोरी, तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने की कोशिश

कासगंज **संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

घर में घुसकर किशोरी से तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज न किए जाने पर न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं।सहावर थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी 13 वर्षीय किशोरी 15 मार्च 2025 को शाम करीब 5 बजे अपने घर में अकेली थी। आरोप है कि तभी मौका देख गांव का ही भगवान सिंह तमंचा लेकर घर में घुस आया और किशोरी को खींच कर कमरे में ले गया जहां वह किशोरी के सीने पर तमंचा रख कर अश्लील हरकतें करने लगा।विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया, तभी किशोरी की मां आ गयी जो कमरे का दरवाजा बन्द देख चिल्लाने लगी तो आरोपी कुण्डी खोल कर धमकी देता हुआ भाग गया।घटना की शिकायत करने पीड़िता की मां आरोपी के घर गयी तो आरोपी के भाई राजकुमार व विनोद उसे मारने दौड़े तो वह भाग कर अपने घर में घुस आयी तो आरोपियों ने घर में घुस कर लाठी डंडों से उसकी मारपीट कर डाली मामले की प्राथमिकी पुलिस द्वारा दर्ज न किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम ने थाना पुलिस से आख्या तलब करने के पश्चात पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर थाना अध्यक्ष सहावर को मामले की प्राथ. मिकी सुसंगत धाराओं में दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं।

# कासगंज के अमांपुर कस्बे में एक बड़ा हादसा हुआ

कासगंज के अमांपुर कस्बे में एक बड़ा हादसा हुआ। सहावर रोड पर टमाटर से लदी एक मैक्स पिकअप ने विद्युत विभाग के ट्रांसफॉर्मर में टक्कर मार दी। हादसे में 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो बिजली के खंभे टूट गए। ट्रांसफॉर्मर सड़क पर गिर गया और उसका तेल बह गया। इस घटना से इस्लाम नगर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।घटना सोमवार की रात को हुई। मैक्स सहावर की तरफ से टमाटर लेकर आ रही थी। विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर रामजीत राम ने बताया कि नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने राहत की बात यह बताई कि यह हादसा रात में हुआ। अगर दिन के समय ऐसी घटना होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। विद्युत विभाग के कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं।

# एटा के अलीगंज में एक प्राचीन मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया

एटा के अलीगंज में एक प्राचीन मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। नगला पड़ाव स्थित करीब 200 वर्ष पुराने मंदिर की भूमि पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत लेकर दर्जनों ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे।शिकायतकर्ता बॉबी शाक्य ने बताया कि नवदुर्गा से पहले जब वे मंदिर प्रांगण में ईंटें बिछा रहे थे। तब पूर्व ब्लॉक प्रमुख और उनके साथियों ने उन्हें वहां से भगा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने मंदिर के आसपास की जमीन पर प्लाटिंग शुरू कर दी है। इस दौरान उन्होंने मंदिर की कुछ भूमि पर भी कब्जा कर लिया।एसडीएम अलीगंज विपिन कुमार मोरल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने एसडीएम को लिखित शिकायती पत्र सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# राजस्थान के धौलपुर जिले से मृत पूर्वजों का पि. ंडदान करने आए पांच श्रद्धालुओं में से एक किशोर सहित दो लोग गंगा में स्नान करते समय डूब गए

सोरों जी राजस्थान के धौलपुर जिले से मृत पूर्वजों का पिंडदान करने आए पांच श्रद्धालुओं में से एक किशोर सहित दो लोग गंगा में स्नान करते समय डूब गए। चीख पुकार पर जुटे गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी सोरों पर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से इंकार दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम के शवों को घर ले गए हैं।राजस्थान प्रदेश के जनपद धौलपुर के गांव ताजपुर बहेडिया निवासी महेश अपने परिजनों के साथ मृतक पूर्वजों का पिंडदान करने के लिए सोरों गंगा घाट पर आए थे। जहां परि. जनों ने मिलकर श्राद्ध पूजा और पिंडदान किया। बाद में सभी श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए कछला गंगा घाट पर पहुंचे। जहां 12 वर्षीय रमेश पुत्र महेश और 23 वर्षीय करन सिंह पुत्र दिनेश चंद्र दोनों स्नान करते हुए गहरे पानी में पहुंच गए और पानी के तेज बहाव में फंसकर डूबने



लगे। गंगा में डूबते श्रद्धालुओं को देखकर परिजनों ने चीख पुकार मचा दी। आवाज सुनकर गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी। काफी तलाशने के बावजूद भी कोई अता पता नहीं चला। काफी देर बाद गोताखोरों ने तलाश कर बाहर निकाला। परिजन दोनों को लेकर सोरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सको ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परि. जनों में कोहराम मच गया। सोरों कोतवाल भी सीएचसी पर पहुंच गए। परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की। इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार दिया। उनका पंचनामा भरकर शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजन शवों को घर ले गए हैं।

# कासगंज: पिकअप की टक्कर से ट्रांस फार्मर क्षतिग्रस्त, खंभा टूटा आपूर्ति ठप

कासगंज अमांपुर : कस्बे के सहावर रोड पर रखे 100 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर में तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे विद्युत खंभा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया। इलाके की विद्युत व्यवस्था कई घंटे तक बाधित रही। पानी का संकट गहरा गया। लोग दिन तक गर्मी से व्याकुल रहे।बता दें, कस्बे के सहावर रोड पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। सोमवार की रात में सहावर तरफ से टमाटर लेकर आ रही एक मैक्स पिकअप लोडर वाहन ने टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर से दो पोल टूटने से ट्रांसफार्मर सड़क पर गिर गया और उसका तेल बह गया। इस्लाम नगर इलाके की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई। घरों में रखे इन्वेटर भी बंद हो गए। रात भर लोग गर्मी में बिजली के लिए तड़पते नजर आए। वहीं सुबह को पानी का संकट गहरा गया।लोग विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन खटखटाते रहे, लेकिन उन्हें कोई संतुष्ट जवाब नहीं मिल सका। जेई रामजीत राम ने बताया कि मैक्स पिकअप ने विद्युत ट्रांसफार्मर में



टक्कर मार दी, इससे खंभे टूट गए। ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा हो सकता था। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। मंगलवार की शाम तक विद्युत की सप्लाई को सुचारू कर दिया जाएगा।